**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**20.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**मातृत्व अवकाश**

प्रदेश सरकार ने सरकारी सेवा में कार्यरत महिलाओं को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 60 दिन का विशेष मातृत्व अवकाश प्रदान करने का निर्णय लिया है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार विशेष मातृत्व अवकाश देने की पहल उन महिलाओं के लिए की गई है जो मृत शिशु को जन्म देती हैं, या जन्म के तुरंत बाद बच्चे को खो देती हैं। हाल ही में घोषित मातृत्व अवकाश केवल मृत शिशु या नवजात शिशु के मामलों में ही लागू होगा और अधिकृत अस्पतालों में प्रसव के लिए ही लिया जा सकता है।

**प्रबोध सक्सेना**

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता को लेकर जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया है और राजनीतिक दलों को भी इस विषय को अपने घोषणा पत्र में शामिल करने की सलाह दी है। वे आज शिमला में आयोजित संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सौजन्य से पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा बदलती जलवायु में राज्य मानव विकास रिपोर्ट पर ओरिएंटेशन कार्यशाला में बोल रहे थे। प्रबोध सक्सेना ने जलवायु परिवर्तन को लेकर स्कूल, कॉलेज, रिसर्च सेंटर और पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की ज़रूरत बताई, ताकि प्रभावित लोग जागरूक हो सकें।

मुख्य सचिव ने युवाओं में बढ़ते नशे के प्रचलन और बच्चों के हैल्थ पैरामीटर पूरे न होने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि हिमाचल में 24 फीसदी बच्चे सही आहार न लेने की वजह से हैल्थ पैरामीटर को पूरा नहीं करते हैं।

**प्रतिभा सिंह**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि हिमाचल में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन जल्द ही किया जाएगा। शिमला में आज पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी की सूची हाईकमान को सौंप दी गई है और वे जल्द ही पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल से मुलाकात कर कार्यकारिणी का गठन करने का आग्रह करेंगी। प्रतिभा सिंह ने कहा कि आने वाले पंचायतीराज चुनाव को देखते हुए संगठन को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि इस बार संगठन ने कर्मठ नेताओं व कार्यकर्ताओं सहित युवाओं और महिलाओं को अहम ज़िम्मेदारियां दी जाएंगी।

**मौसम**

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम ने एक बार फिर करवट ली है और बीती रात से राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि निचले इलाकों में कहीं–कहीं वर्षा का समाचार है। ताज़ा बर्फबारी व वर्षा से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों पर रूक–रूक

कर हिमपात का क्रम जारी है। रोहतांग पास सहित प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों अटल टनल, धुंधी, सोलंगनाला, कोठी व जलोड़ी जोत में ताजा बर्फबारी हुई है, जहां पर्यटकों ने हिमपात का पूरा आनंद लिया। सोलंगनाला से आगे अटल टनल धुंधी और बंजार–आनी सड़क मार्ग जलोड़ी जोत पर हिमपात के चलते वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। जनजातीय ज़िला किन्नौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बीती रात से हल्का हिमपात जबकि निचले इलाकों में वर्षा हो रही है। ज़िला उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने बताया कि ये वर्षा व बर्फबारी और किसानों व बागवानों के लिए वरदान है और इससे जल स्रोत भी चार्ज होंगे।

इधर शिमला जिला के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुफरी और नारकंडा में करीब 2 से 3 इंच तक बर्फबारी हुई है जिसका यहां घूमने आए पर्यटकों ने खूब आनंद लिया। इस बीच मौसम विभाग ने कल तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व अन्य भागों में वर्षा होने की संभावना जताई

---